web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 13 फरवरी 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 137

# पुलिस और माओवादी के बीच मुठभेड़ में असिस्टेंड कमांडेंट शाहिद, एक जवान हुआ घायल

### 0 घटना स्थल की सर्चिंग जारी

**बीजापुर(आरएनएस)।** छत्तीशगढ़ के बीजापुर जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र के पुतकेल के जंगलों में हुए मुठभेड़ में सीआरपीएफ 168 बटालियन के असिस्टेंड कमांडेंट शाहिद हो गए हैं, वही एक जवान घायल है। मुठभेड़ अभी थम चुकी है, वहीं घटना स्थल की सर्चिंग जारी है।



आईजी बस्तर पी सुन्दराज ने बताया कि बासागुड़ा में स्थित सीआरपीएफ 168 बटालियन के एफ कम्पनी के जवान रोड सुरक्षा ड्यूटी पर निकले हुए थे, इसी दौरान सुबह 9.30 बजे ग्राम पुतकेल के आगे डोंगल चिंता नाला के पास पहले से घात लगाए अज्ञात माओवादियो ने पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया, पुलिस की जवाबी कार्यवाही से माओवादी भाग खड़े हुए। इस घटना में असिस्टेंड कमांडेंट शांति भूषण तिर्की शहीद हो गए, वही जवान अप्पाराव घायल हो गया है , घायल जवान की स्थिति खतरे से बाहर है। इस घटना के बाद घटना स्थल के लिए अतिरिक्त फोर्स ओहुँच चुकी है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, एवं आस पास के इलाके की सर्चिंग किया जा रहा है।

### हमारे जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीजापुर जिले में नक्सली मुठभेड़ की घटना में सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट श्री एस.बी. तिर्की की शहादत पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। श्री बघेल ने घटना में शहीद श्री तिर्की के शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना और सहानुभूति प्रकट की है। उन्होंने इस घटना में घायल जवान को बेहतर से बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि हमारे जवान नक्सलियों की मांद में घुस कर वीरता और साहस के साथ उनसे मुकाबला कर रहे हैं। हमारे जवानों ने नक्सलियों को एक सीमित दायरे में समेट दिया है। हमारे जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी।

### राज्यपाल ने शहीद जवान के प्रति शोक व्यक्त किया

राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने बीजापुर जिले में पुलिस जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में शहीद हुए जवान के प्रति गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने घायल जवानों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। ज्ञात हो कि बीजापुर जिले के जंगलों में सीआरपीएफ जवानों और नक्सलियों के बीच चल रहे मुठभेड़ में 1 असिस्टेंट कमांडेट शहीद हो गए। राज्यपाल ने शहीद जवान के प्रति शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि हमारे जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी और केंद्र सरकार और राज्य सरकार के समन्वय से प्रदेश से नक्सलवाद का खात्मा जल्द ही होगा।

### अपहृत इंजीनियर अशोक पवार की पत्नी ने पति को शकुशल छोडऩे माओवादियो से किया अपील

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के बेदरे थाना क्षेत्र से शुक्रवार 11 फरवरी को माओवादियो ने निजी कम्पनी के इंजीनियर सहित दो का अपहरण कर लिया था। इस घटना के बाद इंजीनियर की पत्नी सोनाली पवार ने अपने पति को शकुशल रिहा करने के लिए माओवादियो से अपील किया है। अपहृत इंजीनियर अशोक पवार की पत्नी सोनाली पवार ने माओवादियों से अपील करते हुए कहा है कि मेरे पति रोजी रोटी के लिए काम करने बस्तर आये हुए है, उनके काम करने वाली जगह से कुछ गांव वाले कहिं ले कर चले गए हैं। मेरे दो छोटी छोटी बेटियां भी हैं, हमारे पालन पोषण के लिए ही मेरे पति बस्तर काम करने गए हुए है, मैं आप सभी से अपील करती हूं की मेरे पति को रिहा कर दें, यदि मेरे पति के द्वारा कोई गल्ती भी किया गया होगा तो उन्हें माफ कर दें।



## रेलवे अंडर ब्रिज धंसा, मलबे में दबे कई मजदूर और कर्मचारी, दो की मौत

**सागर (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के सागर में रेलवे का निर्माणाधीन अंडर ब्रिज धंस गया। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे प्रबंधन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। ब्रिज धंस जाने से कई लोग भी दब गए। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई। देर रात तक रेस्क्यू कर मलबे में दबे 3 लोगों को सुरक्षित निकाला गया।

यह हादसा सुमेरेरी रेलवे स्टेशन के पास रेलवे फाटक क्रमांक 10 बी पर निर्माणाधीन अंडर ब्रिज पर हुआ। सुमेरेरी



रेलवे स्टेशन के पास रेलवे फाटक पर अंडर ब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। गढ़ौला जागीर समेत कई ग्रामों को जोडऩे के लिए यह अंडर ब्रिज बनाया जा रहा है। इसी निर्माणाधीन ब्रिज में यह हादसा हुआ।

जानकारी के अनुसार बीती रात में भी यहां काम चल रहा था। रात करीब 9.30 बजे ट्रैक से ट्रेन गुजरी तो अंडर ब्रिज की मिट्टी धंस गई। इससे वहां काम कर रहे मजदूर और रेलवे कर्मचारी दब गए।

मिट्टी धंसते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बताते हैं कि आधा दर्जन से ज्यादा लोग मलबे की चपेट में आए। कई मजदूर और रेलवे कर्मचारी वहां से भाग भी लिए पर कई लोग मलबे में दब गए। हादसे के बाद तुरंत पुलिस और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई। खुरई देहात के थाना प्रभारी शैलेंद्र राजावत ने बताया कि हादसे में सुखराम अहिरवार और आरएस मीणा की मौत हो गई। आरएस मीणा सेक्शन इंजीनियर थे और सवाई माधौपुर राजस्थान के रहने वाले थे। जबकि इंजीनियर सुखराम अहिरवार कटनी जिले के रहने वाले थे। इस घटना में कई अन्य मजदूर और कर्मचारी घायल हुए हैं। इनमें दीपक, देवेंद्र और शेरसिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि डाक्टर्स के अनुसार तीनों घायलों कीर हालत खतरे से बाहर है। पुलिस और रेलवे ने घटना की जांच कराने की बात कही है। इधर दुर्घटना में मारे गए लोगों के शव के पोस्टमार्टम की व्यवस्था कराई जा रही है।

## एलसीए तेजस सिंगापुर एयर शो-2022 में भाग लेगा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय वायु सेना की एक 44 सदस्यीय टुकड़ी 'सिंगापुर एयर शो- 2022' में भाग लेने के लिए आज सिंगापुर के चांगी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। इस एयर शो का आयोजन 15 से 18 फरवरी, 2022 तक किया जाएगा। सिंगापुर एयर शो एक द्विवार्षिक कार्यक्रम है जो वैश्विक उड्डयन उद्योग को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच उपलब्ध कराता है।



भारतीय वायु सेना विश्वभर के प्रतिभागियों के साथ स्वदेशी तेजस एमके-1 एसी प्रस्तुत करेगी। तेजस विमान अपनी उत्कृष्ट हैंडलिंग विशेषताओं तथा गतिशीलता को प्रदर्शित करते हुए नीची ऊंचाई के ऐरोबैटिक्स को प्रदर्शित करते हुए दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर देगा। एयर शो में भारतीय वायु सेना की प्रतिभागिता भारत को तेजस विमान को प्रदर्शित करने तथा आरएसएएफ (रॉयल सिंगापुर एयर फोर्स) तथा अन्य प्रतिभागी टुकडिय़ों के साथ परस्पर संपर्क करने का अवसर प्रदान करती है।

इससे पूर्व, भारतीय वायु सेना ने स्वदेशी विमानों को प्रदर्शित करने तथा एरोबैटिक्स टीमों का निर्माण करने के लिए मलेशिया में एलआईएमए-2019 तथा दुबई एयर शो-2021 जैसे समान प्रकार के एयर शो में भाग लिया था।

## देश में अब तक की सबसे बड़ी बैंक धोखाधड़ी, 28 बैंकों से 22 हजार करोड़ से ज्यादा का फ्रॉड

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश के इतिहास में अब तक के सबसे बड़े बैंक फ्रॉड केस में सीबीआई ने देश की जानी मानी शिप कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। भारत की बड़ी निजी शिपिंग कंपनियों में एक एबीजी शिपयार्ड लिमिटेड पर 28 बैंकों से कथित तौर पर 22842 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप है।




रिपोर्ट के मुताबिक, देश में बैंक धोखाधड़ी का ये अब तक की सबसे बड़ी धोखाधड़ी है।केंद्रीय भ्रष्टाचार विरोधी जांच एजेंसी ने धोखाधड़ी के इस केस में एबीजी शिपयार्ड लिमिटेड के अध्यक्ष और सह-प्रबंध निदेशक ऋषि कमलेश अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक संथानम मुथास्वामी और तीन अन्य निदेशकों अश्विनी कुमार, सुशील कुमार अग्रवाल और रवि विमल नेवेतिया को आरोपी बनाया है। ये मुकदमा 7 फरवरी को आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दायर किया गया था।

एबीजी शिपयार्ड लिमिटेड एबीजी समूह की प्रमुख कंपनी है जो जहाज निर्माण और जहाज-मरम्मत के कारोबार से जुड़ी है। ये कंपनी भारतीय जहाज निर्माण उद्योग में एक बड़ा नाम है। इसके यार्ड गुजरात के दहेज और सूरत में स्थित हैं। कंपनी ने पिछले 16 वर्षों में 165 से अधिक जहाजों (निर्यात बाजार के लिए 46 सहित) का निर्माण किया है।

इस मामले में सीबीआई द्वारा दर्ज की गई शिकायत के अनुसार, अब तक 28 बैंकों और वित्तीय संस्थानों का कुल एक्सपोजर ?22,842 करोड़ है, जिसमें से एबीजी पर आईसीआईसीआई को सबसे अधिक राशि ?7,089 करोड़ का बकाया है। इसके अलावा आईडीबीआई बैंक का ?3,639 करोड़, एसबीआई का ?2,925 करोड़, बैंक ऑफ बड़ौदा का ?1,614 करोड़ और पंजाब नेशनल बैंक का ?1,244 करोड़ बकाया है।

अन्य बड़े बैंक धोखाधड़ी में सीबीआई विजय माल्या मामले की जांच कर रही है जिसमें 9,000 करोड़ रुपये शामिल हैं। इसके अलावा पंजाब नेशनल बैंक धोखाधड़ी में नीरव मोदी और मेहुल चोकसी शामिल हैं, जिन पर बैंकों का लगभग 14,000 करोड़ रुपये बकाया है।

### सपा प्रत्याशी के कार्यालय से पैसा वितरित करने का वीडियो वायरल, मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज (आरएनएस)।** उत्तरप्रदेश के हण्डिया विधान सभा से चुनाव लड़ाने वाले सपा प्रत्याशी के कार्यालय से पैसा वितरित करने का वीडियो वायरल होने पर शनिवार को आचार-संहिता का उल्लंघन समेत विभिन्न धाराओं में हण्डिया थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। यह मुकदमा तीन नामजद दस-बारह अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



उक्त जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि हण्डिया विधान सभा क्षेत्र के समाजवादी विधानसभा अध्यक्ष रमाकांत विश्वकर्मा, अभिमन्यु यादव, भवन यादव एवं बारह अज्ञात के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जांच के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार देर शाम एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय में लोगों को पैसा वितरित किया जा रहा था। पैसा लेने के लिए भीड़ उमड़ी हुई दिखाई दे रही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी को निर्देश दिया। जिसके तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## कोल इंडिया लिमिटेड के पास गैर-विद्युत क्षेत्र के लिए है पर्याप्त स्टॉक

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) वर्तमान में गैर-विद्युत क्षेत्र (एनपीएस) को प्रति दिन लगभग 3.4 लाख टन कोयले की आपूर्ति कर रहा है, जो इस काल खंड में कंपनी की औसत आपूर्ति है। 37 मिलियन टन (एमटी) से अधिक कोयले खदान निकास के आधार पर सीआईएल का इस क्षेत्र में आपूर्ति को और बढ़ाने का लक्ष्य है। अप्रैल-जनवरी वित्त वर्ष 22 के दौरान एनपीएस को सीआईएल का प्रेषण 101.7 मिलियन टन (एमटी) रहा, जो महामारी मुक्त वित्त वर्ष 20 की इसी अवधि में 94 एमटी की तुलना में 8.2 प्रतिशत अधिक था। यहां तक कि वित्त वर्ष 2019 की तुलनीय अवधि के लिए जब सीआईएल ने अपनी स्थापना



के बाद से अब तक का सबसे अधिक कुल कोयला प्रेषण दर्ज किया, एनपीएस क्षेत्र को आपूर्ति में 91.5 मीट्रिक टन की तुलना में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

इस अवधि के दौरान बिजली क्षेत्र को आपूर्ति की तुलना में एनपीएस ग्राहकों को आपूर्ति में वृद्धि दर अधिक थी। अप्रैल 20-जनवरी 21 में एनपीएस हिस्से में 105 मीट्रिक टन प्रेषण वित्त वर्ष 22 की समान अवधि की तुलना में 3 मीट्रिक टन से थोड़ा अधिक था। कोविड से प्रभावित वर्ष के दौरान प्रेषण में वृद्धि के कई कारण थे।

कोविड की वजह से वित्त वर्ष 2021 के अधिकांश भाग के लिए कोयले की खपत की मांग में व्यवधान देखा गया, सीआईएल ने एनपीएस हिस्से में आपूर्ति को बढ़ाया। इसके अलावा एनपीएस ग्राहकों ने भी कोयले की अधिक मात्रा को उठाने का विकल्प चुना क्योंकि सीआईएल की ई-नीलामी बिक्री वित्त वर्ष 2021 की पहली छमाही के लिए अधिसूचित मूल्य पर सीमित थी। एनपीएस किसी भी वित्तीय वर्ष में घरेलू कोयले के साथ सम्मिश्रण के लिए लगभग 170 मीट्रिक टन कोयले का आयात करता है। लेकिन वित्त वर्ष 22 में असामान्य रूप से उच्च अंतर्राष्ट्रीय कोयले की कीमतें अपेक्षित मात्रा में आयात करने के लिए बाधा के रूप में साबित हुईं, जिससे उसके अंत में कोयले की कमी बढ़ गई। सीआईएल के पास गैर-विद्युत क्षेत्र को आपूर्ति बढ़ाने के लिए पर्याप्त बफर स्टॉक है।

वित्त वर्ष 22 में बिजली उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई है, विकास दर एक दशक में सबसे अधिक है, जिससे राष्ट्रीय प्राथमिकता पर बिजली क्षेत्र की कोयले की मांग को पूरा करने की आवश्यकता है। मजबूत आर्थिक सुधार पर सवार होकर चालू वित्त वर्ष के जनवरी 22 तक कुल कोयला आधारित बिजली उत्पादन में साल-दर-साल की तुलना में 11.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं, इस अवधि के दौरान घरेलू कोयला आधारित उत्पादन 17 प्रतिशत बढ़ा था। बिजली क्षेत्र को कोयले की आपूर्ति का बड़ा हिस्सा सीआईएल द्वारा प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया गया।

अप्रैल-जनवरी 2021-22 के दौरान 14 आयातित कोयला आधारित बिजली संयंत्रों से बिजली उत्पादन में 48 प्रतिशत की कमी आई। परिणामस्वरूप उत्पादन अंतर को पूरा करने के लिए घरेलू कोयला आधारित जनरेटरों को स्वदेशी कोयले की आपूर्ति में वृद्धि की आवश्यकता थी। सीआईएल ने इस अतिरिक्त मांग के लगभग 20 एमटी की आपूर्ति की। दूसरे शब्दों में कहें तो आयात को उस सीमा तक कम कर दिया गया था।

बिजली क्षेत्र को कोयले की प्राथमिकता देने और अन्य चुनौतियों का सामना करने के बावजूद सीआईएल ने वित्त वर्ष 22 के जनवरी तक 101.7 एमटी से एनपीएस ग्राहकों को पिछले वर्ष की समान अवधि का 97 प्रतिशत आपूर्ति की।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सीआईएसएफ ने समुद्र में डूबती नाव से 14 लोगों को बचाया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने कहा कि उसके कर्मियों ने गोवा में मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट के पास समुद्र में डूबती एक नाव से 14 लोगों को बचाया। सीआईएसएफ के मुताबिक, रात करीब आठ बजे। 10 फरवरी को गोवा में सीआईएसएफ यूनिट मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट (एमपीटी) के बंदरगाह क्षेत्र में गश्त करते समय, बल के त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) कर्मियों ने देखा कि कुछ व्यक्तियों को ले जा रही एक नाव अचानक काम न करने के कारण नियंत्रण से बाहर हो गई है। इंजन और लाइटहाउस क्षेत्र के बाहर समुद्र में पलटने वाला था जहां पानी बहुत गहरा था। तत्काल सीआईएसएफ क्यूआरटी की टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि शिव सागर नाव में 14 लोग सवार थे, क्यूआरटी टीम ने मामले की सूचना शिफ्ट प्रभारी और तटरक्षक अधिकारियों को दी। इसके बाद सीआईएसएफ के अधिकारी और अन्य कर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया। रस्सियों के माध्यम से नाव को स्थिर किया गया और पेट्रोल भी उपलब्ध कराया गया जिसके बाद नाव का इंजन चालू हो गया और सभी 14 लोगों की जान बच गई। बचाए गए व्यक्तियों ने अपनी जान बचाने के लिए सीआईएसएफ कर्मियों को धन्यवाद दिया और वे सुरक्षित निजी मछली पकडऩे के घाट के लिए रवाना हो गए।

### उत्तरकाशी जिले में भूकंप के झटके हुए महसूस

**उत्तरकाशी(आरएनएस)।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। ये झटके सुबह करीब पांच बजकर तीन मिनट पर महसूस हुए, जिनकी रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 4.1 मापी गई। झटके महसूस होने के बाद लोग दहशत में आ गए। व्यापारी और ग्रामीण अपने प्रतिष्ठानों और घरों से बाहर निकल आए। उत्तराखंड को भूकंप के लिहाज से संवेदनशील माना जाता है। यहां अक्सर भूकंप के झटके महसूस होते हैं। नेशनल सेंटर फार सिस्?मोलाजी के मुताबिक भूकंप का केंद्र टिहरी गढ़वाल में ही था, जो 28 किलोमीटर की गहराई में था। उत्तरकाशी में जिला मुख्यालय भटवाड़ी, डुंडा, पुरोला, मोरी सहित आदि स्थानों पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। वहीं, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने बताया कि भूकंप से जिले में किसी भी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। ये पहली बार नहीं है कि उत्तरकाशी में भूकंप के झटके महसूस हुए हैं। पहले भी कई बार यहां भूकंप आ चुका है।

### कोयला मंत्रालय ने 10 कोयला खादानों की सफलतापूर्वक नीलामी की

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कोयला मंत्रालय ने 12 अक्टूबर, 2021 को सीएमएसपी अधिनियम के 13वें भाग तथा एमएमडीआर अधिनियम के भाग-3 के तहत वाणिज्यिक खनन के लिए कोयला खदानों की नीलामी की शुरूआत की थी। ई-नीलामी के दौरान नीलामी के लिए कुल 10 कोयला खदान प्रस्तुत किए गए जिनमें से छह सीएमएसपी कोयला खदान थे तथा शेष चार एमएमडीआर कोयला खदान थे। सभी कोयला खदानों के विवरण निम्नलिखित है:- नौ कोयला खदानों का पूरी तरह अन्वेषण हो चुका है तथा एक खदान कर आंशिक रूप से अन्वेषण हुआ है। इन खदानों के लिए कुल भू-गर्भीय भंडार 1,716.211 मिलियन टन है। इन कोयला खदानों के लिए संचयी पीआरसी 22.014 एमटीपीए हैं। वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी प्रक्रिया के तहत भाग-3 में नीलाम किए गए उपरोक्त 10 कोयला खदानों सहित 86.404 एमटीपीए की कुल संचयी पीआरसी के साथ अभी तक कुल 42 कोयला खदानों की सफलतापूर्वक नीलामी की गई है।

### बिजली के खंबे की चपेट में आने से दो लोगों की मौत, एक घायल

**सतना (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के सतना जिले के कोलगवां थाना क्षेत्र में बिजली का खंबा गिरने से उसकी चपेट में आए दुपहिया वाहन सवार एक ही परिवार के तीन लोगों में से दो लोगों की मौत हो गयी और एक गंभीर रुप से घायल हो गया, जिसे समीप के अस्पलात में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कल रात्रि कोलगवां थाना क्षेत्र स्थित एक ढाबे के समीप एक लक्जरी वाहन ने सडक़ किनारे बिजली के खंबे पर टक्कर मार दी, जिससे खंबा टूट कर गिर गया, तभी रीवा से सतना आ रहे दुपहिया वाहन सवार तीन लोग इसकी चपेट में आ गए।